दिन– सोमवार

दिनांक– 27 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

पहले मुख्य समाचार.......

01. लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के लिए चुनाव प्रचार में सभी दलों के नेताओं ने पूरी ताकत झोंकी।

02. कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित कई बड़े नेताओं ने धुआंधार प्रचार किया।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिससे गवर्नेंस में पारदर्शिता बढ़ी है।

04. और, प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों मे भीषण गर्मी का प्रकोप जारी। तैंतालीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

————————————————————————

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के प्रचार के लिए सभी दलों के नेताओं ने पूरी ताकत झोंक दी है। इस चरण में राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों– नालंदा, पाटलिपुत्र, पटना साहिब, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद सीटों पर एक जून को मतदान होना है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने आज प्रदेश में तीन चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार की नीतियों की जमकर आलोचना की। श्री गांधी ने  पटना साहिब संसदीय क्षेत्र के खुसरूपुर में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अंशुल अभिजीत के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुये दावा किया की जनता सत्ता परिवर्तन का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि चार जून के बाद इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी और अग्निवीर जैसी योजनाओं को समाप्त कर दिया जायेगा।

———बाईट———

श्री गांधी ने पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र के पालीगंज में राजद उम्मीदवार मीसा भारती के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि गठबंधन सरकार बनने पर गरीब परिवार की महिलाओं को महालक्ष्मी योजना के तहत हर महीने वित्तीय मदद दी जायेगी।

---बाईट---

राहुल गांधी ने आरा संसदीय क्षेत्र के जगदीशपुर में भी एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इधर, जहानाबाद संसदीय क्षेत्र के घोसी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि चालीस में से उनतालीस सीटें जीतने के बाद भी प्रधानमंत्री ने बिहार के साथ सौतेला व्यवहार किया है।

---बाईट---

एनडीए के नेताओं ने भी आज गठबंधन प्रत्याशियों के समर्थन में धुआंधार जनसभाएं की। जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नालंदा संसदीय क्षेत्र के हिलसा में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। श्री कुमार ने यहां रोड शो भी किया। श्री कुमार ने कहा कि उनकी सरकार ने सामाजिक न्याय का पूरा ध्यान रखा है और वंचित वर्गो को उनकी आबादी के अनुपात में आरक्षण देने का काम किया है। इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र के मनेर में पार्टी प्रत्याशी रामकृपाल यादव के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया है कि गरीबी हटाने को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी झूठे दावे कर रहे हैं।

---बाईट---

इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा है कि इंडी गठबंधन के लोग भ्रष्टाचार में लिप्त है और कांग्रेस इनका नेतृत्व कर रही है।

---बाईट---

इधर, लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग बिहार के लोगों का कभी कल्याण नहीं कर सकते हैं।

---बाईट---

---

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आत्मनिर्भर भारत का उद्देश्य स्वदेशी प्रतिभा को बढ़ावा देने के साथ ही रोजगार के अवसरो में वृद्धि करना है। श्री मोदी ने एक समाचार एजेंसी को दिये साक्षात्कार में सरकार की प्राथमिकता बताई है। उन्होंने भ्रष्टाचार के मामलो में विभिन्न जांच एजेंसियों

द्वारा जारी जांच का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार भ्रष्टाचार कतई बरदाश्त नही की नीति पर काम कर रही है।

---बाईट---

प्रधानमंत्री ने कहा कि नीतिगत मामलो में व्यवस्था के दोष को दूर कर भ्रष्टाचार कम करने का प्रयास किया गया है।

---बाईट---

---

कैमूर जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सावन कुमार ने ग्यारह प्रखंडों में मतदाता जागरूकता के लिए जागरूकता रथ को रवाना किया। इन रथों के माध्यम से जिले के उन भागों में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जायेगा। जहां एक जून को मतदान होना है।

---

रोहतास जिले के डेहरी में चुनाव ड्यूटी पर लगाए गए होमगार्ड जवान की अचानक तबियत बिगड़ने से मृत्यु हो गई। मृतक जवान मोहम्मद समीउल्लाह मोतीहारी के कुंडवा का रहने वाला था।

---

रोहतास जिले के समाहरणालय भवन में मतगणना सहायकों को मतगणना कार्य का प्रशिक्षण दिया गया।

---

निर्वाचन आयोग ने छठे चरण के तहत राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों में पच्चीस मई को सम्पन्न मतदान का संशोधित आंकड़ा जारी किया है। संशोधित आंकड़ों के अनुसार कुल सत्तावन दशमलव एक आठ प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह वर्ष दो हजार उन्नीस के लोकसभा चुनाव की तुलना में एक दशमलव दो नौ प्रतिशत कम है। सबसे अधिक वैशाली संसदीय क्षेत्र में बासठ दशमलव पांच नौ प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं, पश्चिम चम्पारण में इकसठ दशमलव छह दो, वाल्मीकिनगर में साठ दशमलव एक नौ, पूर्वी चम्पारण में उनसठ दशमलव छह आठ और शिवहर में सत्तावन दशमलव चार प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का

प्रयोग किया। सीवान में बावन दशमलव चार नौ, गोपालगंज में बावन दशमलव तीन दो और महाराजगंज में बावन दशमलव दो सात प्रतिशत मतदान हुआ है।

———————————————————————

राजधानी पटना समेत राज्य के दक्षिण–पूर्व और दक्षिण–मध्य भागों के विभिन्न स्थानों पर भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के पन्द्रह से अधिक जिलों में पारा चालीस डिग्री सेल्सियस से उपर रिकॉर्ड किया गया। बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा जहां का अधिकतम तापमान तैंतालीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस. के. पटेल ने बताया कि राज्य के दक्षिणी भागों में मौसम शुष्क बना रहेगा। उन्होंने कहा कि चक्रवातीय तूफान रेमल का राज्य के मौसम पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा।

———बाईट———

इधर, बंगाल की खाड़ी में चक्रवातीय तूफान रेमल के प्रभाव से पश्चिम बंगाल से सटे राज्य के उत्तर–पूर्व भागों में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई है। मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि अररिया, किशनगंज, पूर्णियां, कटिहार, और भागलपुर समेत राज्य के उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पूर्व भागों में अनेक स्थानों पर अगले दो दिनों तक आंधी–बारिश के साथ वज्रपात की आशंका है। इधर, पश्चिम बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों में रेमल तूफान के व्यापक प्रभाव के मद्देनजर पटना–कोलकाता के बीच कई उड़ानों को रद्द कर दिया गया है।

———————————————————————

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के सिलसिले में आज बोधगया स्थित मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान की ओर से सामूहिक योग अभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के फुटबॉल मैदान में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के निदेशक डॉक्टर काशीनाथ समागंडी ने किया। शिविर की शुरूआत शंखनाद के साथ हुयी और समापन शांती पाठ के साथ हुआ। इस योग महोत्सव में बौद्ध भिक्षुओं सहित सात हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया।

———————————————————————

अररिया की स्थानीय अदालत ने एक महिला से दुष्कर्म के मामले में एससी, एसटी एक्ट के तहत दोषी व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

———————————————————————

शेखपुरा जिले के घाटकुसुंबा प्रखंड के कोरमा गांव में करेंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई।

———————————————————————

मधुबनी जिले के खुटौना थाना क्षेत्र में छापेमारी अभियान चला कर पुलिस ने चार अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की चार बाइक भी बरामद की गई है।

———————————————————————

भोजपुर जिला मुख्यालय आरा स्थित केन्द्रीय विद्यालय में दसवी और बारहवीं की परीक्षा में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के सिरिसिया ओपी थाना क्षेत्र के सेनुवरिया में एक सीएसपी संचालक ने महिलाओं के खाते से हजारो रूपये फर्जी तरीके से निकाल लिए। इस संबंध में पीड़िताओं ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

———————————————————————

01. लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के लिए चुनाव प्रचार में सभी दलों के नेताओं ने पूरी ताकत झोंकी।

02. कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित कई बड़े नेताओं ने धुआंधार प्रचार किया।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिससे गवर्नेंस में पारदर्शिता बढ़ी है।

04. और, प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों मे भीषण गर्मी का प्रकोप जारी। तैंतालीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

———————————————————————

समाप्त हुआ।